इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

29 मई, 2020

श्री पदमनाभन राजा जयशंकर द्वारा इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक के तौर पर कार्यग्रहण

श्री पदमनाभन राजा जयशंकर, कार्यपालक निदेशक (ईडी), राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) को तीन वर्ष की अवधि के लिए इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक के तौर पर नियुक्त किया गया है।

श्री जयशंकर के पास विकासोन्मुखी बैंकिंग एवं वित्तीय डोमेन, बुनियादी ढांचा, बंधक (मोर्टगेज) वित्त व पूंजीगत बाजार से जुड़े क्षेत्रों में उच्च स्तरीय प्रबंधन एवं मंडल स्तरीय भूमिकाएं संभालने में 32 से अधिक वर्षों का अपार अनुभव है। उन्होंने आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (आईपीएल) के निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, आईआईएफसीएल एसेट मैनेजमैंट कंपनी लिमिटेड (आईएएमसीएल) के अध्यक्ष (न्यासी मंडल), आईएफसीआई फैक्टर्स लिमिटेड के निदेशक एवं आईआईएफसीएल के मुख्य महाप्रबंधक के तौर पर पर कार्य किया है। वे इंडिया मोर्टगेज क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन (आईएमजीसी) के मंडल में भी रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनएचबी एवं हड़को में विभिन्न पदों पर भी कार्य किया।

उन्होंने भारत में नये एवं नवोन्मेषी वित्तीय उत्पादों के विकास को दिशा देते हुए बुनियादी ढांचे एवं आवास परियोजना के वित्तपोषण में भी अग्रणी भूमिका निभाई। इनमें पहली बार बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण लेनदेन की संरचना, टेकआउट वित्तपोषण, ऋण संवृद्धि, गौण कर्ज, रिवर्स मॉर्टगेज, प्रथम जन निजी भागीदारी (पीपीपी) आवास परियोजना इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने आईआईएफसीएल के अवसंरचना विकास निधि (म्यूचुअल फंड) एवं अन्य संबंधित पहलों की अध्यक्षता करते हुए परियोजना कार्य संपादन, कर्ज समूहन तथा वित्तीय परामर्शी सेवाओं का भी निर्वहन किया। वे क्षेत्रीय नीतियों पर

सरकार की विभिन्न समितियों में सरकार को सहयोग देने में भी सक्रिय रूप से लगे हुए थे जिसमें केंद्रीय बजट में एक घोषणा के अनुसरण में आईआईएफसीएल की ओर से बुनियादी ढाँचे के लिए पहली समर्पित क्रेडिट एन्हांसमेंट कंपनी के गठन की पहल शामिल है।

श्री जयशंकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली से प्रौद्योगिकी से स्नातकोत्तर (एम.टेक) हैं; उन्होंने फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एफएमएस), दिल्ली विश्वविद्यालय से एमबीए (वित्त) भी किया है।

<u>अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:</u>

सुश्री राधिका श्रीवास्तवा
प्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार)
इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,
5वीं मंजिल, प्लेट ए एवं बी, टॉवर 2, एनबीसीसी सेंटर,
ब्लॉक बी, पूर्वी किदवई नगर,
नई दिल्ली-110023
ईमेल: radhika.srivastava@iifcl.org
(मोबाइल): + 91-7838238748
(दूरभाष): 011-24662716
वेबसाइट: www.iifcl.org